बोस्टन कॉफी पार्टी

डोरेन रैपापोर्ट

चित्र: एमिली अर्नोल्ड मैककली

बोस्टन कॉफी पार्टी

डोरेन रैपापोर्ट

चित्र: एमिली अर्नोल्ड मैककली

1 कृपया चीनी दें

2 सिलाई पार्टी

3 बर्तन और पैन और कप

1

कृपया चीनी दें

एम्मा ने मुट्ठी भर जामुन

अपने मुंह में डाले.

"उन जामुनों को खाना बंद करो,"

उसकी बहन सारा ने कहा.

"हमें जैम के लिए उनकी ज़रूरत है."

मिसेज़ होमन्स ने अलमारी खोली.

"चीनी का जार लगभग

खाली हो गया है," उन्होंने कहा.

"दुकान से जाकर थोड़ी

चीनी ले आओ, सारा.

अपनी बहन को भी

अपने साथ लेती जाओ

इससे पहले कि वह

सारे जामुन खाकर ख़त्म कर दे."

"चलो व्यापारी स्मिथ की

दुकान पर चलते हैं,"

एम्मा ने कहा.

"ठीक है," सारा ने कहा.

"गुड मॉर्निंग, व्यापारी स्मिथ,"

सारा ने कहा.

"क्या आपके पास चीनी है?"

"माफ़ करना, चीनी नहीं है,"

व्यापारी स्मिथ ने कहा.

"युद्ध चल रहा है,

इसलिए चीनी मिलना मुश्किल है."

"क्या आपके पास चीनी है?"

सारा ने अगली दुकान पर पूछा.

"माफ़ करना. सब चीनी बिक चुकी है,"

व्यापारी फोर्ब्स ने कहा.

"युद्ध चल रहा है,

चीनी मिलना मुश्किल है."

एम्मा और सारा

एक दुकान से दूसरी दुकान पर गईं.

हर जगह उन्हें एक ही जवाब मिला.

अंत में वे आखिरी दुकान पर गईं.

"यह व्यापारी थॉमस की दुकान है.

माँ ने हमें उससे खरीदने के लिए

मना किया है.

क्योंकि वह बहुत ज़्यादा पैसे लेता है,”

एम्मा ने कहा.

“लेकिन हमें चीनी ज़रूर चाहिए

नहीं तो सारे जामुन खराब हो जाएँगे,”

सारा ने कहा.

वह दुकान में चली गई,

एम्मा भी उसके पीछे-पीछे अंदर गई.

"क्या आपके पास चीनी है?"

सारा ने पूछा.

"मेरे पास पाँच पाउंड चीनी ही बची हैं,"

व्यापारी थॉमस ने कहा.

"मैं वो खरीदूंगी," सारा ने कहा.

"सात शिलिंग प्रति पाउंड,"

व्यापारी थॉमस ने कहा.

"लेकिन बाकी सभी दुकानदार

पाँच शिलिंग प्रति पौंड लेते हैं,"

सारा ने कहा.

"बाकी किसी भी दुकानदार के पास

चीनी नहीं है.

अगर तुम्हें लगता है

कि इसकी कीमत बहुत ज़्यादा है,

तो मुझसे मत खरीदो,"

व्यापारी थॉमस ने कहा.

"हम चीनी खरीदेंगे," सारा ने कहा.

उसने पैसे काउंटर पर रख दिए.

तभी दरवाज़ा खुला.

“गुड मॉर्निंग, मिसेज़ अर्नोल्ड,”

व्यापारी थॉमस ने कहा.

तुम्हारे पास चीनी है?”

मिसेज़ अर्नोल्ड ने पूछा.

"हाँ, आठ शिलिंग प्रति पाउंड,"

व्यापारी थॉमस ने कहा.

"अच्छा दे दो," मिसेज़ अर्नोल्ड ने कहा.

"यह हमारी चीनी है," सारा ने कहा.

"मैंने अभी तक तुमसे पैसे नहीं लिए हैं.

इसलिए तुमने वो चीनी नहीं खरीदी है."

व्यापारी थॉमस ने चीनी झपट ली.

"यह उचित नहीं है,"

एम्मा ने चिल्लाते हुए कहा.

लेकिन व्यापारी थॉमस

ने उसकी एक नहीं सुनी.

उसने मिसेज़ अर्नोल्ड के लिए

चीनी एक थैली में डाली.

"तुम बहुत लालची हो,"

सारा चिल्लाई.

फिर सारा ने अपने पैसे उठाए

और दुकान से बाहर भाग गई.

एम्मा भी उसके पीछे भागी.

जब सारा ने अपनी माँ को बताया

कि व्यापारी थॉमस ने क्या किया,

तो उसकी माँ का चेहरा लाल हो गया.

"हम जैम के बिना भी ज़िंदा

रह सकते हैं," माँ ने कहा.

"लेकिन अपनी करतूत के लिए

एक दिन व्यापारी थॉमस पछताएगा."

"तो क्या अब मैं जामुन खा

सकती हूँ?" एम्मा ने पूछा.

मिसेज होमन्स मुस्कुराईं.

"शौक से खाओ," उन्होंने कहा.

एम्मा ने कुछ जामुन

अपने मुँह में डाले.

2

सिलाई पार्टी

एम्मा ने कमरे में चारों ओर देखा.

हर कोई शर्ट बनाने में व्यस्त था.

एम्मा की माँ पैटर्न काट रही थी.

मिसेज़ स्मिथ आस्तीन सिल रही थी.

सारा बटन लगा रही थी.

एम्मा ने अपनी सुई नीचे रख दी.

"मैंने तुरपाई पूरी कर ली है, सारा.

अब मुझे क्या करना चाहिए?"

"शर्ट में एक लेबिल सिल दो,"

सारा ने कहा.

"फिर जिस सैनिक को वो मिलेगी

उसे पता चल जाएगा

कि शर्ट किसने सिली है."

"मैं लेबिल पर क्या लिखूं?"

एम्मा ने पूछा.

"जो कुछ भी तुम चाहो," सारा ने कहा.

एम्मा ने सोचा.

फिर एम्मा ने अपनी सुई उठाई

और सिलाई की

एम्मा की ओर से नमस्ते

"अगर पापा को तुम्हारी शर्ट मिलेगी,

तो वो बहुत खुश होंगे,"

सारा ने कहा.

"मुझे उम्मीद है कि युद्ध

जल्दी खत्म हो जाएगा.

फिर पापा घर आ जाएँगे,"

एम्मा ने कहा.

"मुझे पापा की बहुत याद आती है."

"मुझे भी," सारा ने कहा.

मिसेज़ होमन्स ने

अपनी कैंची मेज पर पटकी.

"बहनों, मुझे आपसे कुछ कहना है."

सभी महिलाओं ने ऊपर देखा.

"सबसे पहले, एक अच्छी खबर,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

"हमने अभी तक दो सौ से ज़्यादा

शर्ट बनाईं हैं."

सभी महिलाएँ एक-दूसरे को

देखकर मुस्कुराईं.

"बुरी खबर क्या है?"

मिसेज़ स्मिथ ने पूछा.

"व्यापारी थॉमस चीनी

आठ शिलिंग प्रति पाउंड

में बेच रहा है,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

"बाकी सभी दुकानदार

पाँच शिलिंग लेते हैं."

"वो बहुत लालची आदमी है,"

मिसेज़ स्मिथ ने कहा.

"हमें सभी को

उससे कुछ नहीं खरीदना चाहिए,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

तभी दरवाज़ा खुला.

वो आंटी हैरियट थीं.

वे गुस्से में दिख रही थीं.

"क्या आप जानते हैं

व्यापारी थॉमस ने क्या किया है?"

वह चिल्लाईं.

"उसने अपने गोदाम में

चालीस बैरल कॉफ़ी छिपाकर रखी है."

"लेकिन क्यों?" मिसेज़ स्मिथ ने पूछा.

"वह तब तक इंतज़ार करेगा

जब तक बोस्टन में

किसी के पास कॉफ़ी नहीं होगी,"

आंटी हैरियट ने कहा.

"फिर वो अपनी कॉफ़ी

बहुत ज़्यादा मुनाफे पर बेचेगा."

"जितना मैंने सोचा था,

वो उससे भी ज़्यादा लालची निकला,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

"हमें उसे सबक सिखाना चाहिए,"

आंटी हैरियट ने कहा.

"लेकिन हम क्या कर सकते हैं?"

मिसेज़ स्मिथ ने पूछा.

कमरा एकदम शांत था.

"चलो पार्टी करते हैं!"

सारा अचानक चिल्लाई.

"मूर्ख लड़की,

यह पार्टी करने का समय नहीं है,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा,

"मेरा मतलब है कि पार्टी

वैसी ही होनी चाहिए

जैसी हमारे लोगों ने तब की थी

जब उन्होंने बंदरगाह में

इंग्लिश चाय फेंकी थी,"

सारा ने कहा.

"अपने सभी दोस्तों को आमंत्रित करना.

उन्हें वैगन और गाड़ियाँ और बर्तन

और पैन और कप लाने को कहना.

हम एक कॉफ़ी पार्टी करने जा रहे हैं!"

"क्या बढ़िया विचार है!"

आंटी हैरियट ने कहा.

"हाँ," मिसेज़ होमन्स ने कहा.

सभी सहमत हुए.

मिसेज़ होमन्स खड़ी हो गईं.

"चलो, कल सुबह आठ बजे

सब लोग कॉर्न हिल पर मिलते हैं,"

उन्होंने कहा.

एम्मा ने जल्दी से कपड़े पहने
और खलिहान की ओर भागी.
सारा गाय का दूध दुह रही थी.

3
बर्तन और पैन और कप

"उठो, एम्मा," सारा ने कहा.

"लेकिन सूरज अभी भी सो रहा है,"
एम्मा ने कहा.

"सूरज की परवाह मत करो,"
सारा ने कहा.

"हमें कॉफ़ी पार्टी में जाने से पहले
अपने काम निपटाने हैं."

"जल्दी करो,"

एम्मा ने मुर्गियों से कहा,

फिर उसने अंडे इकट्ठे किये.

मिसेज़ होमन्स ने अपना

सिर खलिहान में घुसाया.

"क्या तुम दोनों तैयार हो?" उन्होंने पूछा.

"तैयार हैं!" एम्मा और सारा चिल्लाईं.

कॉर्न हिल महिलाओं और

बच्चों से भरा हुआ था,

वे गाड़ियों और ठेलों को धकेल रहे थे

और बर्तन, पैन और कप ले जा रहे थे.

"गुड मॉर्निंग, बहनों,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

"क्या आप सब तैयार हैं?"

"तैयार हैं!" महिलायें चिल्लाईं.

वे व्यापारी थॉमस की दुकान

की ओर चल पड़े.

वह अपनी फुटपाथ साफ कर रहा था.

"गुड मॉर्निंग, व्यापारी थॉमस,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

व्यापारी थॉमस ने महिलाओं और बच्चों

और गाड़ियों और ठेलों और बर्तनों

और पैन और कप को देखा.

"गुड मॉर्निंग, देवियों," उसने कहा.

"मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ?"

मिसेज़ होमन्स आगे बढ़ीं.

"हमें पार्टी के लिए कॉफ़ी चाहिए."

"मुझे खेद है," व्यापारी थॉमस ने कहा.

"मेरे पास कॉफ़ी नहीं है."

"यह सच नहीं है," आंटी हैरियट ने कहा.

"तुम्हारा गोदाम कॉफ़ी से भरा पड़ा है."

"वह कॉफ़ी बिक्री के लिए नहीं है,"

व्यापारी थॉमस ने कहा.

"क्यों नहीं?" मिसेज़ स्मिथ ने पूछा.

"इससे आपको क्या लेना-देना!"

"नहीं, हमें उससे ज़रूर लेना-देना है,"

आंटी हैरियट ने कहा.

"हमें अपने गोदाम की चाबी दो,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

"मैं नहीं दूंगा!"

व्यापारी थॉमस ने कहा.

"हाँ, तुम्हें चाबी देनी ही होगी,"

मिसेज़ होमन्स ने कहा.

उन्होंने व्यापारी थॉमस को

गाड़ी में धकेल दिया.

मिसेज़ होमन्स और आंटी हैरियट ने

गाड़ी को धक्का देना शुरू कर दिया.

"यह तुम क्या कर रहे हो?"

व्यापारी थॉमस चिल्लाया.

उन्होंने गाड़ी को तेज़

और तेज़ धकेला.

गाड़ी कोबलस्टोन सड़कों

पर टकराती रही.

"मुझे नीचे उतारो!"

व्यापारी थॉमस चिल्लाया.

"हमें चाबी दो फिर तुम्हें छोड़ेंगे,"

आंटी हैरियट चिल्लाई.

"कभी नहीं!"

व्यापारी थॉमस चिल्लाया.

आंटी हैरियट और मिसेज़ होमन्स ने

गाड़ी को और भी तेज़ी से धकेला.

व्यापारी थॉमस ऊपर-नीचे उछला.

उसके पैर हवा में उड़ गए.

आंटी हैरियट और मिसेज़ होमन्स ने

गाड़ी को अचानक रोक दिया.

व्यापारी थॉमस गाड़ी से नीचे गिर पड़ा.

"चाबी!" आंटी हैरियट चिल्लाई.

"यह रही," व्यापारी थॉमस ने कहा.

उसने चाबी आंटी हैरियट को सौंप दी.

"धन्यवाद, सर," आंटी हैरियट ने कहा.

"मेरे पीछे आओ," मिसेज़ होमन्स चिल्लाईं.

महिलाएँ गोदाम की ओर दौड़ीं.

आंटी हैरियट ने भारी लकड़ी के

दरवाज़े में चाबी घुमाई.

"उन सभी बैरल को देखो,"

एम्मा चिल्लाई.

एक-एक करके,

महिलाओं ने ड्रमों को

दरवाजे से बाहर लुढ़काया.

फिर उन्होंने ढक्कन हटाए

और कॉफी बीन्स को बाहर निकाला.

उन्होंने खाली ड्रम्स को गोदाम में

वापस लुढ़का दिया.

आंटी हैरियट ने

दरवाज़ा बंद कर दिया.

फिर महिलाओं और बच्चों ने

अपने वैगन और गाड़ियाँ और बर्तन और पैन

और कॉफी के कप, घर की ओर धकेले.

"तुम्हें पछताना पड़ेगा,"

व्यापारी थॉमस उनके पीछे चिल्लाया.

"जब हमारे आदमी युद्ध से लौटेंगे,

तब हमें उतना नहीं ,

जितना दुख तुम्हें होगा," मिसेज़ होमन्स ने

अपनी बेटियों को गले लगाते हुए कहा.

लेखक का नोट

यह कहानी एक सच्ची घटना पर आधारित है.

1760 के दशक से, कई उपनिवेशवादियों ने कुछ ब्रिटिश वस्तुओं पर लगाए गए उच्च करों से नाराज़ होकर उन्हें न खरीदने का फैसला किया. क्रांतिकारी युद्ध के दौरान, महिलाएँ विद्रोही सैनिकों के लिए शर्ट बुनने और सिलने के लिए बड़े-बड़े समूहों में मिलती थीं. उन्होंने समितियाँ बनाईं और व्यापारियों से चीनी और कॉफ़ी की कीमतें कम रखने को कहा. अधिकांश व्यापारी सहमत हुए, लेकिन अबीगैल एडम्स ने अपने पति जॉन को एक अमीर व्यापारी के बारे में लिखा जो कॉफ़ी से बहुत मुनाफा कमा रहा था:

कुछ महिलाएँ, ठेलो और गाड़ियों के साथ इकट्ठी हुईं, गोदाम तक पहुँचीं और उन्होंने चाबी माँगीं, जिसे [व्यापारी] ने देने से इनकार कर दिया. [एक महिला] ने उसे गर्दन से पकड़ा और उसे गाड़ी में फेंक दिया. जब उसे कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसने चाबी सौंप दीं, तभी उन्होंने व्यापारी को नीचे उतार दिया और उसे छुट्टी दे दी; फिर उन्होंने गोदाम खोला, कॉफी को बाहर निकाला, उसे डिब्बों में डाला और अपनी गाड़ियों में लेकर चली गईं.